दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 282 मुरादाबाद, 09 February 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी का तंज, ईडी की वजह से एक मंच पर आ गईं विपक्षी पार्टियां, एजेंसी को धन्यवाद कहें



नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। पीएम मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद करता हूं। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे पहले भी कई बार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद करने का अवसर मिला है, लेकिन इस बार मैं धन्यवाद के साथ-साथ राष्ट्रपति जी का अभिनंदन भी करना चाहता हूं। मोदी ने कहा कि अपने विजनरी भाषण में राष्ट्रपति ने हम सबको और करोड़ों देशवासियों का मार्गदर्शन किया है। गणतंत्र के मुखिया के रूप में उनकी उपस्थिति ऐतिहासिक और देश की बहन-बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। कई सांसदों ने चर्चा में हिस्सा लिया। अपने-अपने आंकड़े और तर्क दिए। सांसदों ने अपनी रुचि के अनुसार अपनी बातें रखीं। जब इन बातों को गौर से सुनते हैं, समझने का प्रयास करते हैं। तो ध्यान में आता है कि किसकी कितनी क्षमता, योग्यता, समक्ष और इरादा है। देश भी इसका मूल्यांकन करता है। पीएम मोदी का तंज कुछ लोगों के भाषण के बाद पूरा ईकोसिस्टम, समर्थक उछल रहे थे। खुश होकर कहने लगे, ये हुई न बात! शायद नींद भी अच्छी आई होगी, शायद आज उठ भी नहीं पाए होंगे। ऐसे लोगों के लिए कहा गया है, अच्छे ढंग से कहा गया हैः

ये कह-कह कर हम दिल को बहला रहे हैं,

### कुछ लोग दुखी हैंः पीएम मोदी

हमारे पड़ोस में जिस प्रकार से हालात बने हुए हैं। कौन इस पर गर्व नहीं करेगा कि ऐसे समय में भी देश दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर पॉजिटिविटी है। देश के लिए गर्व की बात है, लेकिन मुझे लगता है शायद इससे भी कुछ लोगों को दुख हो रहा है।

### गौरव के क्षण हम जी रहे हैं

एक समय था छोटी-छोटी टेक्नोलॉजी के लिए देश तरसता था। आज देश बड़ी ताकत के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया के लोग अपने वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट भी नहीं देख पाते हैं। आज हम इसे मोबाइल में ही देख सकते हैं। सदन में हंसी-मजाक, टीका-टिप्पणी, नोकझोंक होती रहती है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आज राष्ट्र के रूप में गौरवपूर्ण अवसर हमारे सामने खड़े हैं। गौरव के क्षण हम जी रहे हैं।

देश की प्रगति को स्वीकार नहीं कर पा रहे कुछ लोग

निराशा में डूबे कुछ लोग इस देश की प्रगति को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। उन्हें भारत के लोगों की उपलब्धियां नहीं दिखती हैं। देशवासियों के प्रयास का परिणाम है, जिसके कारण दुनिया में डंका बज रहा है। बीते 9 सालों में भारत में 90 हजार स्टार्टअप... दुनिया में हम स्टार्टअप के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। इतने कम समय में 108 यूनिकॉर्न बने। 100 साल में आई यह भयंकर महामारी, दूसरी तरफ युद्ध की स्थिति, बटां हुआ विश्व और इस संकट के माहौल में भी देश को जिस तरह से संभाला गया है, इससे पूरा देश आत्मविश्वास से भर रहा है। खेल की दुनिया में भारत का परचम

खेल की दुनिया में खिलाड़ी अपना रुतबा दिखा रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र में भारत आगे बढ़ रहा है। बेटियों की भागीदारी बराबर होती जा रही है। देश में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्पोर्ट्स के अंदर भारत का परचम... हमारे बेटे-बेटियां लहरा रही हैं।

### निराशा में डूबे कुछ लोग

कुछ लोग ऐसी निराशा में डूबे हैं। काका हाथरसी ने कहा था, 卐आगा पीछा देखकर क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दिखे सीन।卐 निराशा का कारण है... जनता का बार-बार हुकुम, लेकिन साथ-साथ इस निराशा के बीचे जो मन में पड़ी चीज है। वो चैन से सोने नहीं देती है। 2004 से 2014 भारत की अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। 10 साल में महंगाई डबल थी। इसलिए कुछ अच्छा होता है तो निराशा होती है। जिन्होंने बेरोजगारी दूर करने के वादे किए थे।

.बाघ को दिखाया बंदूक का लाइसेंस

एक बार जंगल में दो नौजवान शिकार करने के लिए गए। वो गाड़ी में अपनी बंदूक रखकर बाहर टहलने लगे, लेकिन वहीं पर उन्हें बाघ दिखाई दिया। बाघ दिखा तो उन्होंने लाइसेंस दिखाया कि मेरे पास बंदूक का लाइसेंस है। इन्होंने भी बेरोजगारी दूर करने के नाम पर कानून दिखाया। ये इनके तरीके हैं।

### यूपीए की सरकार पर हमला

2004 से 2014 आजादी के इतिहास में घोटालों का समय रहा। कश्मीर से कन्याकुमारी, भारत के हर कोने में आतंकवादी हमलों का सिलसिला 10 साल चलता रहा। हर नागरिक असुरक्षित था। 10 साल में जम्मू-कश्मीर में हिंसा होती रहती थी। 10 सालों में भारत की आवाज ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर कमजोर थी। दुनिया इसे सुनने के लिए तैयार नहीं थी। आज हर मौके को मुसीबत में पलटना यूपीए की पहचान बन गई है।

पूरी दुनिया में ब्लैकआउट चर्चा में आया

ऊर्जा का देश के विकास में अपना एक महत्व होता है। भारत की ऊर्जा शक्ति के उभार की दिशा में चर्चा की जरूरत थी। इस सदी के दूसरे दशक में भारत की चर्चा ब्लैकआउट के नाम पर हुई। पूरी दुनिया में ब्लैकआउट चर्चा में आ गया। कोयला घोटाला चर्चा में आ गया।

### लोकतंत्र में आलोचना का महत्व

लोकतंत्र में आलोचना का बहुत महत्व है। सदियों से लोकतंत्र हमारी रगों में पनपा हुआ है। आलोचना लोकतंत्र की मजबूती के लिए, लोकतंत्र की आत्मा के लिए आलोचना एक शुद्धि यज्ञ है। बहुत दिनों से इंतजार कर रहा हूं कोई तो आलोचना करेगा, लेकिन आरोपों में 9 साल गंवा दिए। चुनाव हारने पर ईवीएम को दोष, चुनाव आयोग को गाली... क्या तरीका है। अगर भ्रष्टाचार की जांच हो रही है तो जांच एजेंसियों को गाली दो। अगर सेना पराक्रम करे तो सेना की आलोचना करो। कभी देश के विकास की चर्चा हो तो आरबीआई को गाली दो।

### कांग्रेस की बर्बादी पर होगी स्टडी

पीएम मोदी ने कहा कि यहां कुछ लोगों को हार्वर्ड का क्रेज है। कोरोना काल में ऐसा ही कहा गया था कि भारत की बर्बादी पर हार्वर्ड में स्टडी होगी। कल फिर सदन में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की स्टडी की बात हुई, लेकिन बीते सालों में हार्वर्ड एक बढ़िया स्टडी हुई। उसका टॉपिक था... द राइज एंड डिक्लाइन ऑफ इंडिया कांग्रेस पार्टी... मुझे विश्वास है कि भविष्य में कांग्रेस की बर्बादी पर हार्वर्ड ही नहीं बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटियों में भी स्टडी होनी है और कांग्रेस को डुबाने वाले लोगों पर भी स्टडी होगी। 2014 से ये लगातार कोस रहे हैं कि भारत कमजोर हो रहा है। भारत की कोई सोन नहीं रहा है। भारत का कोई वजूद नहीं है। अब ये लोग कह रहे हैं कि भारत इतना मजबूत हो गया है कि दूसरे देशों को धमकाकर फैसले करवा रहा है। पहले ये तो तय करो कि भारत कमजोर हुआ या मजबूत हुआ है।

### ईडी की वजह से एक मंच पर विपक्ष

मोदी ने कहा कि ईडी की वजह से सभी विपक्षी पार्टियों एक मंच पर आ गई हैं। जो देश का मतदाता नहीं कर सका, वो कर दिखाया है। इन्हें ईडी को धन्यवाद कहना चाहिए।

### कई बस्तियों में पहली बार जल, बिजली पहुंची

140 करोड़ देशवासियों का आशीर्वाद मेरा सुरक्षा कवच है। गालियों और झूठ के शस्त्र से इस सुरक्षा कवच को कभी भेद नहीं सकते हो। हमारी सरकार कुछ बातों के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के वंचित वर्ग को वरीयता उस संकल्प को लेकर हम जी रहे हैं। दशकों तक दलित, पिछड़े, आदिवासी जिस हालत में उनको छोड़ दिया गया था। 2014 के बाद गरीब कल्याण योजनाओं का सर्वाधिक लाभ मेरे इन्हीं परिवारों को मिला। दलित पिछड़ों आदिवासी की बस्ती में पहली बार बिजली पहुंची। पहली बार नल से जल पहुंचा है। अनेक परिवार पहली बार पक्के घर में जा पाए हैं।

### पिछली सरकारों में मध्यम वर्ग को देखा तक नहीं गया

वोटबैंक की राजनीति ने देश के सामर्थ्य को धक्का पहुंचाया। मध्यम वर्ग को देखा तक नहीं गया। हमारी सरकार ने मध्यम वर्ग की ईमानदारी को पहचाना, उन्हें सुरक्षा दी और आज हमारा मेहनती मध्यम वर्ग देश को नई ऊंचाई पर ले जा रहा है। सरकार की योजनाओं से इस वर्ग को लाभ हुआ है। 2014 के पहले डेटा की कीमत 250 रुपये थी। आज सिर्फ 10 रुपये है। हमारे देश में एक नागरिक औसतन 20 जीबी इंटरनेट यूज करता है। जन औषधि स्टोर आज देश में आकर्षण का कारण हैं। मध्यम वर्ग का परिवार यहां से सस्ती दवाई ले सकता है। आज 20 हजार करोड़ मध्यम वर्ग का इससे बच रहा है।

## पुलिसकर्मियों के लिए ड्यूटी के दौरान सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना प्रतिबंधित, सोशल मीडिया पॉलिसी लागू



उत्तर प्रदेश में यह पॉलिसी लागू करने से पहले विभिन्न संस्थाओं से न केवल रायशुमारी की गई, बल्कि राज्यों के साथ ही विभिन्न देशों कि सोशल मीडिया नियमावली का भी अध्ययन किया गया। डीजीपी उत्तर प्रदेश ने इस बाबत निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि खासतौर से जिला स्तर पर भी इसका गंभीरता से पालन हो। विभिन्न देशों का अध्ययन करने के बाद उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में सोशल मीडिया पॉलिसी लागू कर दी गई है। इसमें सबसे खास यह है कि सरकारी कार्य या ड्यूटी के दौरान सोशल मीडिया का प्रयोग पुलिस अधिकारियों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कांस्टेबल से लेकर आईपीएस अधिकारी तक यह प्रतिबंध लागू किया गया है। इसके अलावा वर्दी में रील बनाने चैटिंग करने या वर्दी में कार्य के समय बिना वजह फोटो डालने पर भी रोक लगाई गई है। उत्तर प्रदेश में यह पॉलिसी लागू करने से पहले विभिन्न संस्थाओं से न केवल रायशुमारी की गई, बल्कि राज्यों के साथ ही विभिन्न देशों कि सोशल मीडिया नियमावली का भी अध्ययन किया गया। डीजीपी उत्तर प्रदेश ने इस बाबत निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि खासतौर से जिला स्तर पर भी गंभीरता से इसका पालन हो।

## स्वामी प्रसाद मौर्य की कोई हैसियत नहीं, डिप्टी सीएम केशव बोले- सपा केवल अपराधियों के भरोसे



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को गाजीपुर पहुंचे। जिला मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए सपा और अखिलेश यादव पर हमला बोसा। विवादों में घिरे सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बारे में कहा कि उनकी कोई हैसियत नहीं है। विकास परियोजनाओं की समीक्षा और भाजपा कार्यकर्ताओं संग बैठक के लिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को गाजीपुर पहुंचे। मीडिया से बातचीत में डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य को निशाने पर लिया। श्री रामचरित मानस की कुछ चौपाइयों पर सवाल उठाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य के बारे में कहा कि उनकी कोई हैसियत नहीं है। वो जो कर रहे हैं वो अखिलेश यादव और सैफई के इशारे पर कर रहे हैं। जिला मुख्यायलय पर मीडिया से बातचीत में केशव प्रसाद ने कहा कि समाज की एकता से घबराकर ऐसा किया जा रहा है। ये लोग नहीं चाहते हैं कि गरीब का पक्का घर हो, शौचालय, राशन, दवा मिले। उन्होंने कहा कि सपा को पिछड़ों की याद आ रही और मुझे निशाना पर रखा जा रहा है। जब उनकी सरकार थी तो विशेष जाति, वर्ग, विशेष जिलों के लोग सरकार में होते थे। कभी सपा सरकार का डाटा सदन में रखकर स्थिति साफ करूंगा।

### वो अपराधियों के भरोसे हम जनता के भरोसे

सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव नौ फरवरी को गाजीपुर आएंगे। इस सवाल पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा का संदेश कुछ का साथ, गुंडों और अपराधियों के विकास करने का रहा है। वो अपराधियों के भरोसे हैं और हम जनता के भरोसे हैं। सपा सरकार में एसपी और डीएम को उनके गुंडे निर्देशित करते थे। वही लोग आज भागे-भागे फिरते हैं। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर की ओर से गाजीपुर को विश्वामित्र नगर नाम रखने के पत्र लिखे जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह अच्छी पहल है। हालांकि, यह मामला अभी संज्ञान में नहीं है। सपा की स्थिति आने वाले दिनों में और खराब होगीउपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा का लक्ष्य 300 पार था। इसे लोकसभा चुनाव 2024 में 400 पार रखा गया है। पूरा विश्वास है कि गाजीपुर सहित यूपी की 80 सीटों पर भाजपा का परचम लहरेगा। अभी पांच सीटों पर एमएलसी चुनाव में भाजपा ने चार और एक पर निर्दल ने जीत दर्ज की। इसके बाद उच्च सदन में सपा तो विपक्ष का दल बनने लायक भी नहीं रहा। साल 2017 और 2022 में भी जनता ने सपा व अखिलेश को नकारा। जिस प्रकार सपा की ओर से समाज को बांटने का प्रयास किया जा रहा। गुंडों और अपराधियों को प्रश्रय दिया जा रहा है। ऐसे हालात में सपा की स्थिति आने वाले दिनों में और खराब होगी।

गाजीपुर शिक्षा के मामले में प्रदेश में सबसे आगे

एक सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नीति आयोग का हवाला देते हुए कहा कि गाजीपुर शिक्षा के मामले में प्रदेश में सबसे आगे है। विकास की दृष्टि में भी सबसे आगे रहे। मेडिकल कॉलेज की सुविधा दी गई है। आने वाले दिनों में जनपद में विश्वविद्यालय की मांग को भी पूरा किया जाएगा।

## संपादकीय Editorial

# Hindu-Muslim issue again

Nowadays some controversial issues are floating in the atmosphere of the country. The voices of sages and saints are becoming louder that Sanatan Dharma should be given the status of 'National Religion'. Dhirendra Shastri of 'Bageshwar Dham', who suddenly came into the limelight, is repeatedly demanding that India be declared a 'Hindu nation' and 'Ramcharitmanas' be declared a 'national scripture'.

Opposing this, the Samajwadi Party is advocating for Shudras, backward people, women and has brought the great saint Mahakavi Tulsidas to the dock. The issue of child marriage has come to the fore in Assam and 2278 accused of breaking the law have also been arrested. The Muslim section is crying out.

The Muslim Personal Law Board has termed the proposed Uniform Civil Code as 'undemocratic'. In the form of a warning, the government has also been told that Muslims will not allow it to be implemented. Through this issue, the Muslim Board has demanded that the 'Place of Worship Act' of 1991 should be kept in force, because the right to religious freedom has been given by the constitution. The government should respect him. The Muslim Law Board has also remarked that the poison of hatred is being mixed in the country.

If brotherhood is abolished, then the country will suffer a great loss. The summary is that the whole atmosphere is being created of Hindu vs Muslim.

On the basis of this, each side seems to be addressing its vote bank. Muslim leaders like Owaisi and their party-spokespersons, on various forums of debate, are making it count that Hindu women are being released without giving divorce. It is also being alleged that the BJP is playing the politics of religion through Hindu organisations, sages and saints. This is his agenda for the 2024 general elections.

Actually it is the misfortune of India that it is a democratic and secular country. The meaning of secularism is Muslim. If someone starts an ideological discussion of Sanatan, Hinduism, he is communal and is spewing hatred. The irony is that the country's budget has already been presented in the Parliament. No one is ready to discuss it point by point. No one is ready to debate on the country's development, its economy, industrial production, exports, infrastructure, budgetary deficit, unemployment, inflation, poverty, agriculture and show the way of solution. Unfortunately, elections are not decided on these issues.

Elections have been decided around Hindu-Muslim, caste and so-called nationalism. Apart from these, the provision of Uniform Civil Code is there in the constitution. It has been placed in the concurrent list. That is, the central and state governments can make laws according to their thinking and convenience.

The Government of India is currently not in the process of enacting any law on the Uniform Civil Code. This has been clarified in the parliamentary reply. Now the new Law Commission will conduct a survey on this and then send its recommendations to the government. By then the general elections of 2024 will be in front. Then why is the executive body of the Muslim Personal Law Board fuming on this issue and terming it as 'undemocratic'? Everything is being done keeping in view the elections, as the season for assembly elections has started in 9 states. There are elections in Tripura, Nagaland, Mizoram in a few days. This politics should stop because we are all Indians.

# Arjun Kapoor shared the video and pulled Shraddha's leg, called the actress a liar and a liar

Shraddha Kapoor is making headlines for her upcoming film 'Tu Jhoothi Main Makkar'. Recently, her friend Arjun Kapoor has pulled Shraddha's leg by sharing a new video. Shraddha Kapoor is very popular in the Hindi film industry. He is loved by many people because of his strong presence on screen and brilliant performances. Shraddha Kapoor is currently making headlines for her upcoming film 'Tu Jhoothi Main Makkar'. Recently, her friend Arjun Kapoor pulled Shraddha's leg by sharing a new video. Arjun's song for someone special- Arjun Kapoor recently shared a video of him singing the song on his official Instagram handle. Arjun has dedicated this video not to Shraddha Kapoor but to someone else. Sharing the post, the actor wrote, 'After so many years I came to know that my OG i.e. Half Girlfriend, Shraddha Kapoor is a liar and a liar. So in your love, I dedicate my first love, my hair. Arjun and Shraddha starred together in 'Half Girlfriend', which released across the cinemas in 2017. When will 'Tu Jhoothi Main Makkar' be released - 'Tu Jhoothi Main Makkar' makers had announced the title of the film in a unique way some time back. This is the first time Ranbir Kapoor and Shraddha are coming to screen share together. In such a situation, the audience is quite excited to see their pairing romancing in the film. 'Tu Jhoothi Main Makkar' is slated to release next month. Shraddha Kapoor is making a comeback with this film after a break of two years.



# Nimrit Kaur Ahluwalia wept bitterly in front of the media camera, said- everyday she...

With just 5 days left for the finale of Bigg Boss, Nimrit Kaur Ahluwalia has been evicted from Salman Khan's show. Nimrit, who came out after reaching the finale, opened many secrets of her heart. He talked about his eviction, along with this he also expressed his reaction on bonding with Shiva and MC Stan. Nimrit told in whose hands she wants to see the trophy in the grand finale. But in the meantime, Nimrit Kaur Ahluwalia started crying bitterly and she said that people used to let me down everyday. Nimrit opened the secrets of her heart- During a conversation with Bollywood Bubble, Nimrit not only talked about her equation with the family members, but along with this she also mentioned the incident where she was asked to misbehave with her father on national television. Salman Khan reprimanded. The Choti Sarrdaarni fame actress said, ' My father is a hard task master. Everyone's mother had come and said that my child is the cutest, but when my father came, he said, Good, we are proud of you, that's all. I understand that he did not want me to look wrong anywhere in my journey. Nimrit Kaur Ahluwalia wept bitterly- Nimrit continued her point and said, 'I have chosen this thing that I will remain real and as I am on national television. Just because he's my father doesn't mean I can suppress my feelings. There is a bond between parents and children that even siblings don't have. If I can't be a 10-year-old girl in front of my dad, I can't tell him what I'm going through. Everyday people are trying to bring me down. If I cannot express that in front of him, then what is the use. I don't understand why people are judging me for this, he is my father, he has full right on me and I have full right on him. During this, Nimrit started crying bitterly while talking. On National Television, Nimrit behaved like this with her father- Let us tell you that when Nimrit Kaur Ahluwalia's father came inside the Bigg Boss house in Family Week, he scolded the actress. Some members of the troupe were explaining about Shiv and Sajid. Along with this, he also explained to Nimrit that she is very strong and can play her game alone. When her father was talking to her, Nimrit had a little argument with her father in the presence of Soundarya Sharma. , Because of which he was criticized a lot for talking to his father like this.



# The release date of Samantha's 'Shankutalam' changed again, now the film will hit the theaters on this day

Samantha Ruth Prabhu is the best actress of South. He has worked in more than one films. Recently, Samantha had disclosed about her illness, after which the fans of the actress were quite disappointed. Recently, Samantha shared some pictures of the film Shankutla on her social media, after which the fans of the actress are eagerly waiting for her film. Now news is coming that the release date of Shankuntalam has been changed yet again - the makers of Shakuntalam have said that the film will no longer hit the theaters on February 17. New release date will be informed soon. Please tell that this film is originally to be released in Telugu, but it is a Pan India film. The film is written and directed by Gunasekhar. It is written in the issued statement, we regret to inform you that we will not be able to release Shakuntalam this 17th February. The new release date will be announced soon '. Please tell that this is happening for the second time with this film when its release date is being changed. Earlier this film was to be released on 4 November. But then its date was changed to 17 February. The story of the film is inspired by the legend of King Dushyant and Shakuntala and is adapted from the Sanskrit play Abhijnana Shakuntalam by the great poet Kalidasa. Samantha is in the lead role in this film. Recently, the trailer of this film of Samantha was released, which was released by Varun Dhawan. Apart from Samantha and Dev Mohan, Allu Arha, Sachin Khedekar, Kabir Bedi, Dr. Mohan Babu, Prakash Raj, Madhubala, Gautami, Aditi Balan, Ananya Nagalla, Jishu Sengupta are also going to be seen in the lead roles in this film. Recently, there were reports that Samantha and Karthik Aryan's film Shehzada is going to clash as both the films were to release on February 17. On the other hand, talking about Shehzada, this film was also to be released on February 10, but later its date has also






## बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने राजकीय इण्टर कालेज एवं मानीटरिंग सैल का किया निरीक्षण



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना ने आगामी माध्यमिक शिक्षा परिषद 2023 की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए जी0आई0सी0 इंटर कालेज मुरादाबाद का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक कार्यो को समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मानीटरिंग सैल में कम्प्यूटर पर बोर्ड की परीक्षाओं में स्कूलों की गतिविधियों पर ठीक प्रकार से नजर रख नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए तथा पूरे सिस्टम को हर समय पर व्यवस्थित एवं दुरस्त रखने के निर्देश दिए।
इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।




## छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर सड़क सुरक्षा माह के अर्न्तगत यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद - कलेक्टेऊट परिसर मुरादाबाद में राष्ट्रीय सेवायोजना के तहत सड़क सुरक्षा अभियान के अर्न्तगत गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर सड़क सुरक्षा माह के अर्न्तगत यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की और बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अर्न्तगत प्रतीज्ञा करते हैं कि सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे एवं सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे, तेज रफ्तार से वाहन नही चलायेंगे, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे, गलत दिशा में वाहन नही चलायेंगे, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नही करेंगे, शराब पीकर या नशे की हालत में गाडी नही चलायेंगे, सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस नुक्कड़ नाटक के पीछे मंशा है कि आम जनमानस को टैऊफिक के नियमों के प्रति जागरुकत किया जाये। इस समय टैऊफिक सुरक्षा माह भी सरकार द्वारा चलाया जा रहा है, इस नुक्कड नाटक के माध्यम से कैसे हम बचाव करें इसका बहुत सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया है और इसका आम नागरिकों पर निश्चित रुप से बेहतर प्रभाव पडेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, गोकुलदास गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्या एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## अवैध रुप से चल रहे हास्पिटलों पर त्वरित कार्यवाही की जाये-डीएम




दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद -कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा संरक्षण समिति के संबंध में बैठक आहूत की गयी, जिसमें नमामि गंगे योजना के अर्न्तगत कार्यो की प्रगति/प्रचलन एवं अनुश्रवण तथा जिला सीमा के भीतर नदियों में तरल और ठोस अपशिष्ट लाने वाले नालों की निगरानी के संबंध में समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्राकृतिक जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाये जिससे जैव विविधता का संरक्षण हो सके तथा उन्होंने कहा कि वनरोपण व नदी घाट पर आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कार्यो को प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने बताया कि घाटो का रख-रखाव अच्छे से किया जाये तथा स्वच्छता पखबाडा, वनीकरण अभियान, कैच द रैन अभियान आदि संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये। जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि नगर निगम व विभिन्न नगर पालिकाएं साथ मिलकर कार्य करें तथा अपने कर्तव्यों का अच्छे से निवर्हन करें। उन्होंने कहा कि जनपद में वेटलेंड्स संरक्षण को गम्भीरता से लिया जाये तथा किसानों को भी जागरुक व प्रोत्साहित किया जाये, जिससे पर्यावरण स्वच्छता की ओर एक कदम और आगे बढ़ सके। जिलाधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने अवगत कराया कि अवैध रुप से चल रहें 4 हास्पिटल पर कार्यवाही की जा चुकी है तथा 02 पर एफ0आई0आर0 दर्ज हो चुकी है और निरन्तर स्थलीय निरीक्षण करके आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जो अवैध रुप से चल रहे हास्पिटलों को जल्द से जल्द कार्यवाही करके सील करवाया जाये, इस पर किसी भी तरह की कोताही न बरती जाये। प्लास्टिक वेस्ट के संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारी ने बताया कि 108 कि0ग्रा0 पॉलीथीन जब्त की जा चुकी है तथा 44500 का जुर्माना जनवरी माह में वसूला जा चुका है। जिलाधिकारी को प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी ने अवगत कराया कि 222 ईट भट्टों का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें से 69 अवैध रुप से चल रहें भट्टों पर कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग ई-वेस्ट की समस्या को गम्भीरता से लेकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका तथा नगर पंचायतें अपने- अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें तथा जो भी निर्माण कार्य हो रहें है उसकी गुणवत्ता में कमी की किसी भी तरह की शिकायत न मिले इसका विशेष ध्यान रखा जायें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में सामन्जस्य बनाकर कार्य करें और साइट वेस्ट मैनेजमेंट को कैसे बेहतर बनाया जाये इस पर निरन्तर विचार एवं कार्यवाही की जाये। उन्होंने बताया कि ई-वेस्ट पर कार्य करने की जरुरत है एवं सभी विभाग वृक्षारोपण में जियो टैगिंग का कार्य निरन्तर जारी रखें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, एसपी टैऊफिक, डीएफओ, परियोजना निदेशक, ज्वांइट कमिश्नर इंडस्ट्रिज, जिला गंगा समीति के सदस्य, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग सहित नगर निगम, प्रदूषण नियन्त्रण विभाग, विभिन्न एनजीओ आदि उपस्थित रहे।

## जीवन हॉस्पीटल कराया सील - चस्पा किया नोटिस



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- एटा, प्रसूता की सीजर आप्रेशन में हुई म्रत्यु के पश्चात उनके परिजनों व आक्रोशितों ने डी.एम. आवास के निकट संचालित मां जीवन हॉस्पीटल में की तोडफोड - कोतवाली में दर्ज करायी हॉस्पीटल संचालिका व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ एफ.आई.आर. - सी. एम.ओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने स्वत¬ संञान लेकर एसीएमओ डा. राममोहन तिवारी को भेजकर मां जीवन हॉस्पीटल कराया सील - चस्पा किया नोटिस - पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा मेडीकल कालेज !

## वोडाफोन के नाम पर आफर देकर ठगने वाले गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- कासगंज- वोडाफोन के नाम पर आफर देकर ठगने वाले गिरफ्तार। दिनांक 22/1 /23 को थाना गंजडुंडवारा के गांव मस्ती पुर निवासी सिन्टू पुत्र जाहर सिंह ने एक लिखित तहरीर दी कि 31/12/22 को मो.नं.727513××× ×, 745999×× ×× से फोन आया कि हम वोडाफोन कम्पनी से बोल रहे हैं कि कम्पनी का अपने ग्राहकों के लिए एक आफर दिया जा रहा है जिससे 10,000 रु जमा कराने पर 3,50,000 रु और एक मोटरसाइकिल मिलेगी , वादी ने बातों में आकर खाता संख्या



35610103×× ×× में किसी लता के नाम 60,000 तथा 8900170027 ×× × × किसी सुशील कुमार के खाते में 15 ,000 रु डाल दिए लेकिन उन्हें कोई आफर नहीं मिला , इस संबंध में थाना गंजडुंडवारा पर मु अ सं 20/23 धारा 419/420 में पंजीकृत कर विवेचना आरंभ कर दी।
मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने थाना गंजडुंडवारा और साइबर सैल को प्रकरण के खुलासे और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।इन टीमों द्वारा विशेष तकनीक का प्रयोग करते हुए मोबाइल की लोकेशन और काल रिकार्ड के आधार पर चार अभियुक्तों 1. संदीप कुमार पुत्र चन्द्र शेखर 2. पंकज पुत्र मोहन 3. राहुल उर्फ सचिन पुत्र शिवराम 4.अकुश पुत्र विश्राम निवासी गण उस्मान पुर , थाना गजनेर जनपद , कानपुर देहात को गंजडुंडवारा रेलवे रोड रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया , उनके कब्जे से 05मोबाइल, तथा 2000 रु नकद बरामद किए,जिन नम्बरों का ये लोग इस्तेमाल करते थे वे नम्बर गलत तथा फर्जी पहचान पत्र पर के साथ थे इन्होंने पुलिस को बताया कि हमारा एक सीनियर सुदेश उर्फ सुलेमान पुत्र सिपाही लाल निवासी उस्मान पुर जो हमारे साथ नहीं आया है फ़ोन की डील करता है , पुलिस उसकी भी तलाश में बताई जाती है अभियुक्तों के कारनामे को देखते हुए धारा 467/468/471/411/34 की बढ़ोत्तरी की गई है।

## वांछित वारटियो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे अभियान चलाया गया

मोहम्मद जुनैद अल्वी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
बरेली-बहेडी-श्रीमान उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद बरेली द्वारा वांछित वारटियो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय, सर्किल बहेडी के नेत्तृव में प्रभारी निरीक्षक श्री श्रवण कुमार सिंह उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र विश्नोई मय हमराह हे0का0 41 रनवीर सिह, का0 1303 मोहित कुमार, हो0गा0 1918 लालाराम व हो0गा0 1407 महेन्द्र प्रताप द्वारा 06 नफर वारन्टी 1. मंगली प्रसाद 2 नन्हेलाल 3. बल्देव प्रसाद 4 रामकिशोर पुत्रगण नोनीराम 5. राजेश पुत्र बल्देव



निवासी गण ग्राम अरर्सियाबोझ थाना बहेडी जिला बरेली सम्बन्धित वाद सं0- 122/2011 धारा 323 भादवि 6. बब्लू पुत्र नन्हूलाल निवासी ग्राम याकूबगंज थाना बहेडी जिला बेरली सम्बन्धित वाद 1830क्र/09 थाना बारादरी मु0अ0सं0 1340/09 मा0 न्यायालय ए0सी0 जे0एम0 बरेली द्वारा निर्गत वारट मे अभियुक्तो के मस्कन से समय करीब 10.30 बजे गिरफतार किया गया। गिरफ्तार वारंटियो के विरुद्ध वैधानिका कार्यवाही की गयी। गिरफतार वांछित वारंटी/अभियुक्तगण- 1. मंगली प्रसाद पुत्र नोनीराम निवासी गण ग्राम अरर्सियाबोझ थाना बहेडी जिला बरेली। 2. नन्हेलाल पुत्र नोनीराम निवासी गण ग्राम अरर्सियाबोझ थाना बहेडी जिला बरेली। 3. बल्देव प्रसाद पुत्र नोनीराम निवासी गण ग्राम अरर्सियाबोझ थाना बहेडी जिला बरेली। 4. रामकिशोर पुत्र नोनीराम निवासी गण ग्राम अरर्सियाबोझ थाना बहेडी जिला बरेली। 5. राजेश पुत्र बल्देव निवासी गण ग्राम अरर्सियाबोझ थाना बहेडी जिला बरेली। 6. बब्लू पुत्र नन्हूलाल निवासी ग्राम याकूबगंज थाना बहेडी जिला बरेली। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम - 1. स॰ह्र श्री श्रवण कुमार सिंह 2. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र विश्नोई 3. हे0का0 41 रनवीर सिह 4. का0 1303 मोहित 5. हो0गा0 1918 लालाराम 6. हो0गा0 1407 महेन्द्र प्रताप


## एटा का विकास देखने और हिसाब पढ़ने में पब्लिक तो अंधी, बेहरी, अनपढ़ है साहब

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा-एटा जिला तीन विधायक एक सांसद,चार चार रखवालों की देख रेख में इस शहर और आसपास की दुर्दशा सर्मनाक है एक हिरन बाला चिड़ियाघर था उसे जाने कहां खदेड़ दिया अब वहां भैंसों का तबेला बन गया,चार चार सिनेमा घर आज एक भी नहीं मनोरंजन के नाम पर यातायात के नाम एक ढंग की ट्रेन तक नहीं ट्रेन छोड़ो ढंग की बसें तक नशीव नहीं बाबा आदम के ज़माने में बनी सड़कें रोड कालोनियों में जख्मी जख्मी होकर आए दिन इंसानों का लहू पी रही है कहने को बहुत पार्क है एटा में पर कहीं शराबी मवालियों के अड्डे तो कहीं सुसायटी की बपौती लेकिन कोई पार्क ऐसा नहीं है इंसान कुछ बक्त मनोरंजन के नाम पर अपने बच्चों के साथ बैठ सके साल में सैनिक पड़ाव में बार्षिक दो बड़े प्रोग्राम तो फिक्स है ही पर जरा सी बारिश में उसकी सूरत तो देखें यह कुर्सी पर कायम मसीहा, तब हम हकीकत से क्यों समझौता करें कि एटा हमेशा से राजनीति के हाथों ठगा जाता रहा है हां विकास की प्रोग्रेस का हिसाब इन्हीं ठेकेदारों की जुवां और डायरी में होता है पब्लिक तो अंधी बेहरी अनपढ़ हैं साहब।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# विश्वनाथपुरम से संबंधित गलियों का नगर निगम के अधिकारी विकास कार्य कराएं- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है कि विश्वनाथपुरम गली नंबर 1 से संबंधित गलियों का विकास कार्य कराएं नगर निगम के अधिकारी नगर निगम की सीमा में आया गांव धनीपुर की सड़कों का विकास कार्य कराएं उन्होंने कहा है कि खुद जाकर के इस गली की समस्याओं को देखा है जनता की समस्याएं इस गली से विकास कार्य से संबंधित जनता के कहने के अनुसार सत्य पाई गई हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि नगर निगम के अधिकारी विश्वनाथपुरम गली नंबर 1 से संबंधित धनीपुर वार्ड नंबर 36 में विकास कार्य करें सड़क का निर्माण कार्य 70 मीटर लंबाई 20 मीटर चौड़ाई के करीब है अधिकारी माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश का पालन करें मान्य मुख्यमंत्री जी का कहना है कि कोई गली सड़क विकास कार्य से वंचित नहीं रहनी चाहिए नगर निगम के अधिकारी धनीपुर विश्वनाथ पुरम गली नंबर 1 से संबंधित इसी गली का निर्माण कार्य कराएं लोग परेशान हैं विकास कार्य के लिए नगर निगम को सरकार ने काफी पैसा दिया है धन्य स्वीकृत किया है धन की कोई कमी सरकार ने नहीं छोड़ी है नगर निगम के अधिकारी तत्काल इन गलियों का विकास कार्य कराएं इस समय मौजूद मनोहर लाल शर्मा पचोरी रवि शंकर शर्मा मीना देवी बबिता देवी त्रिवेणी देवी भावना पचोरी राजकुमारी सरिता देवी ममता देवी आदि इस गली की तमाम महिलाएं उपस्थित रहे पुरुष उपस्थित रहे

# बैजनपाठ गांव में 10 दिन से लापता युवती का जंगल में सड़ा गला फांसी पर लटका मिला शव, क्षेत्र में फैला सनसनी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत खोहिर के आश्रित ग्राम बैजनपाठ निवासी युवती 30 जनवरी 2023 को घर से बिना बताए लापता हो गई थी जहां उसके पिता व परिजनों ने क्षेत्र में लगातार खोजबीन कर रहे थे लेकिन कहीं पता नहीं चल रहा था वहीं मंगलवार को किसी व्यक्ति द्वारा लूल्ह के रास्ते जंगल में एक पेड़ में लटका हुआ सड़ा गला शव देखा गया। गांव में जाकर चर्चा किया तो यह आग की तरह फैल गया इसके बाद पिता और परिजनों ने मौके पर जाकर देखें तो इसकी पहचान सुशीला सिंह उम्र 23 वर्ष पिता कुबेर सिंह की पहचान हुई इसके बाद परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस चौकी मोहरसोप में दीया। तत्काल मोहरसोप पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदनी बिहारपुर भेजा। पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर पुलिस जांच में जुटी हुई है। वही पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट पता चल पाएगा कि हत्या है या खुदकुशी की हुई है इस संबंध में मोहरसोप चौकी प्रभारी बसंत खलखो से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा किस कारणों से मौत हुई है।

# साइबर ठगी करने वाला शातिर ठग गिरफ्तार




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव मयहमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध आई0टी0 एक्ट से संबंधित अभियुक्त 1. अमन पाठक पुत्र रमेश चंद्र पाठक निवासी चैलाही गुलरा थाना सिरसिया के पास से उक्त घटना में प्रयुक्त 01अदद मोबाइल की बरामदगी की गई। सत्येंद्र यादव पुत्र शेर सिंह यादव निवासी एयरपोर्ट के प्रार्थना पत्र के माध्यम से सूचना दिया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी मुकदमा से अपने खाते में 26000 रूपए डलवा लिया गया था।

इस सम्बन्ध में थाना नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती जनपद श्रावस्ती पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक राजेश यादव के द्वारा संपादित की जा रही थी अभियोग में धारा 66 आईटी एक्ट की बढ़ोतरी होने के कारण प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव द्वारा संपादित की जा रही है ।

# बालश्रम व बाल विवाह रोकने हेतु चला अभियान

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती-बालश्रम व बाल विवाह रोकने हेतु शासन द्वारा चलाया जा रहे अभियान बचपन बचाओ आंदोलन बाल विवाह व बालश्रम निषेध के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना॰ ।।ञ्ज व यूनिसेफ एवं चाइल्ड लाइन श्रावस्ती की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम की रोकथाम व बाल विवाह रोकने के क्रम में थाना कोतवाली भिनगा व थाना सोनवा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया, अभियान के दौरान विद्यालयों, मोटर सर्विस सेंटर, होटल एवम ढाबों को चेक किया गया। अभियान के दौरान सभी दुकानदारों को बालश्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया व दुकानदारों/परिजनों को बच्चों को स्कूल भेजने की हिदायत दी गई तथा बाल विवाह से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। संचालित दुकानों आदि की चेकिंग की गयी तथा मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में बाल श्रम न कराया जाए।प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू द्वारा जनता इंटर कॉलेज पटना खरगौरा पहुंचकर छात्रों को बाल श्रम, बाल विवाह के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया तत्पश्चात निषाद राज फैमिली ढाबा व उपवन ढाबा पहुंचकर ढाबा मालिकों को बाल श्रम ना कराने की हिदायत गई।इस दौरान थाना एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, का0 देवेंद्र कुमार मौर्य, का0 अमन जायसवाल, का0 संचित शुक्ला, महिला का0 कंचन देवी व चाइल्ड लाइन से मनोज कुमार मौजूद रहे।

# 22500 रूपये कीमत के गांजा सहित 2 गिरफ्तार, थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है। बुधवार को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि राजपुर की ओर से एक मोटर सायकल में 2 व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री करने के लिए प्रतापपुर की ओर आ रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को थाना प्रतापपुर पुलिस की टीम ने शांतीनगर में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित देवेश सिंह पिता स्व. भानुप्रताप सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम टेंठघिंचा, चौकी डोकड़ी, थाना कांसाबेल जिला जशपुर एवं सुरदास नारायण प्रजापति पिता असमू उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम महुआडीह, थाना बगीचा, जिला जशपुर को पकड़ा जिनके कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम गांजा कीमत करीब 22500 रूपये का जप्त किया गया। मामले में गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त करते हुए दोनों आरोपियों के विरूद्व धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक भुपेन्द्र सिंह, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अरविन्द पाण्डेय, अवधेश कुशवाहा, शेखर मानिकपुरी, हरिचंद दास व प्रवीण पैंकरा सक्रिय रहे।

# चोरों ने उडाया कल्टीवेटर

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत मल्हीपुर चौराहे पर अलमीन पुत्र की इद्रीस कबाड़ की दुकान कर रहे हैं जहां पर रखा कल्टीवेटर को किसी अज्ञात चोर द्वारा रातो रात उठाकर ले गए काफी खोजबीन करने के बाद इस संबंध में अलमीन ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर कल्टीवेटर के संबंध में बरामद करने की मांग किया है ।

www.knlslive.com

# अवैध कोयला के कारोबार पर सूरजपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 10 लाख 85 हजार रूपये कीमत के 108.5 टन कोयला जप्त

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- अवैध कोयला कारोबार पर रोक लगाने को लेकर सूरजपुर पुलिस एक्शन में है। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग ( भा.पु.से. ) एवं पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) ने अवैध कोयला के कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु, एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना-चौकी की पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 6 प्रकरण में 10 लाख 85 हजार रूपये कीमत के करीब 108.5 टन कोयला जप्त अलग-अलग धाराओं के तहत कार्यवाही किया है। थाना विश्रामपुर पुलिस ने ग्राम रामनगर स्थित गणेश ईटभट्ठा में दबिश दिया जहां डेढ टन कोयला कीमत करीब 15 हजार रूपये का पाया गया, कोयला के संबंध में संचालक से दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जो कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर कोयला जप्त कर धारा 41( 1-4 )/379 के तहत कार्यवाही करते हुए उमाशंकर जायसवाल निवासी रूनियाडीह को गिरफ्तार किया गया। थाना सूरजपुर पुलिस ने ग्राम मानी स्थित आदर्श जायसवाल ईटभट्ठा में दबिश दिया जहां करीब 10 टन कोयला कीमत करीब 1 लाख रूपये का संदिग्ध हालत में पाया गया। चौकी करंजी पुलिस ने ग्राम खरसुरा स्थित नरेन्द्र जायसवाल के ईटभट्ठा से करीब 40 टन कोयला कीमत करीब 4 लाख रूपये एवं आदर्श जायसवाल ईटभट्ठा से 20 टन कोयला कीमत करीब 2 लाख रूपये का संदिग्ध हालत में पाया गया। थाना जयनगर पुलिस ने ग्राम गोपालपुर स्थित मनोज राजवाड़े के ईटभट्ठा से करीब 35 टन कोयला कीमत करीब 3 लाख 50 हजार रूपये का संदिग्ध हालत में पाया गया। इन चारों मामले में धारा 102 जा.फौ. के तहत कार्यवाही कर कोयला जप्त किया गया है। जप्त कोयला का परीक्षण एवं कोयला संबंधी दस्तावेज की सत्यापन एसईसीएल से कराई जा रही है। कोयले का अवैध कारोबार करने वालों पर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

बीते रात्रि में थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक पिकअप वाहन में अवैध चोरी का कोयला लेकर शांतीनगर की ओर से प्रतापपुर की ओर जा रहा है।

# 4 लाख 50 हजार रूपये के आनलाईन फ्राड मामले में सूरजपुर पुलिस की सक्रियता से आवेदक को वापस मिली पूरी रकम

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




सूरजपुर- फ्राड किए गए राशि की वापसी के लिए त्वरित कार्यवाही पर आवेदक ने पुलिस के प्रति जताया आभार,धोखाधड़ी से बचने इन बातों का ध्यान रखने की जरूरत 26 जनवरी को एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से साढ़े 4 लाख रुपए ठगी कर ली गई थी। इस मामले में पुलिस ने तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए व्यक्ति के रुपए वापस दिलवा दिए। ठगी का शिकार हुए व्यक्ति के रुपए वापस मिल जाने से वह काफी प्रसन्न हुआ और पुलिस की कार्यशैली पर प्रसन्नता जताई। आईजी सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग ( भा.पु.से. ) के द्वारा भी इस मामले को लेकर सूरजपुर पुलिस को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे। दिनांक 26.01.2023 को सिलफिली निवासी अभिषेक सरकार के मोबाईल पर क्रेडिट कार्ड का रिवार्ड प्वाइंट रिडीम करने हेतु एक मैसेज आया था। 27 जनवरी को इसके द्वारा उक्त मेसेज के लिंक पर क्लीक करने पर एक ऐप इंस्टाल हुआ और दोपहर में आवेदक के क्रेडिट कार्ड के खाते से 4 लाख 50 हजार रूपये किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में चला गया। क्रेडिट कार्ड के ग्राहक सेवा प्रतिनिधि के द्वारा फोन कर उक्त रकम ट्रान्जेक्शन करने की जानकारी के बारे में पूछा गया जिसके बाद आवेदक उक्त ट्रान्जेक्शन को कैन्सील करने के लिए कहा और इसकी शिकायत जिला पुलिस कार्यालय सूरजपुर के साईबर सेल व जयनगर थाने में किया। आनलाईन हुए फ्राड की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) ने साईबर सेल को आवेदक के साथ हुए फ्राड की पूरी डिटेल लेते हुए रकम वापसी की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मामले में साइबर सेल व थाना जयनगर की पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पूरी घटना की जानकारी से साइबर पुलिस पोर्टल आनलाईन को भेजा। कई तकनीकी साधनों की मदद लिए जाने के बाद आवेदक की खाता से ट्रान्सफर हुई राशि 4 लाख 50 हजार रूपये दिनांक 31 जनवरी को आवेदक के खाते में वापस आ गया। पुलिस की तत्परतापूर्वक की गई कार्यवाही से ठगी का शिकार हुए आवेदक के खाते से ट्रान्सफर हुई पूरी राशि 4 लाख 50 हजार रूपये वापस मिलने पर आवेदक मंगलवार को जिला पुलिस कार्यालय सूरजपुर पहुंचा और पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) से मुलाकात कर सूरजपुर पुलिस के प्रति आभार जताया। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, छत्तीसगढ़ उर्दु ऐकेडमी बोर्ड के सदस्य इस्माईल खान, राजेश कुशवाहा, दितेश राय, शिवनारायण सिंह, साइबर सेल के आरक्षक विनोद सारथी मौजूद रहे।

आनलाईन फ्राड से बचने इन बातों का ध्यान रखने की जरूरत

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) ने सतर्कता रखने के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। जिसमें कहा गया कि अपने खातों की नियमित जांच करते रहें। मोबाइल टॉवर लगाने के नाम से आने वाले फोन कॉल, विज्ञापनों से सावधान रहें। फेसबुक, व्हाट्सएप या अन्य मैसेंजर पर किसी परिचित या मित्र द्वारा हो रही रुपयों की मांग बिना जांचे या कॉल करके पुष्टि कर लें और रुपए भेजने से बचें। कस्टमर केयर का संपर्क नंबर गूगल से मिलने पर भरोसा ना करें। सिर्फ असली वेबसाइट से ही नंबर ले, कस्टमर केयर नंबर 1800 से ही शुरू होता है ना कि किसी मोबाइल नंबर के डिजिट से। अज्ञात नंबर या कंपनी के नाम से आए मैसेज में दी गई लिंक पर क्लिक न करें। प्रोमोकार्ड, रिवार्ड प्वाइंट कैशबैक के लालच में न आएं। लॉटरी लगने के नाम से आए हुए व्हाट्सएप कॉल से सावधान रहें। ओएलएक्स एप में खरीदी बिक्री से पहले सावधान रहें ताकि ठगी का शिकार होने से बच सकें। ऑनलाइन मनी ट्रांसफर साइट जैसे गूगल पे, फोन पे, पेटीएम में अज्ञात लिंक को क्लिक करने से बचें। सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप में कम कीमत बिक्री के पोस्ट पर भरोसा नहीं करें। मोबाइल एप्लीकेशन जैसे एनी डेस्क, टीम व्यूअर का यूजर आइडी एवं पासवर्ड किसी भी अनजान व्यक्ति को नहीं दें। साथ ही किसी के कहने पर डाउनलोड भी नहीं करें। किसी अपरचित को फोन पर या लिंक के जरिए अपने बैंक खाते की जानकारी जैसे पिन, ओटीपी, सीवीवी, यूपीआई कार्ड डिटेल साझा ना करें। धोखाधड़ी करने वाले रजिस्ट्रेशन के नाम पर छोटी राशि जमा कराते हुए बैंक खातों का डिटेल लेकर ठगी कर जाते हैं। अपने क्रेडिट व डेबिट कार्ड को अपनी नजरों के सामने ही स्वाइप कराएं। एटीएम से किसी अनजान व्यक्ति से रकम आहरण में मदद न लें।